आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.08.2025 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री की जापान यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए टोक्यो पूरी तरह तैयार है, इसलिए भारत और जापान के बीच साझेदारी के एक नए युग की शुरुआत की उम्मीदें काफ़ी ज़्यादा हैं। वर्तमान में लगभग 22 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ, इस यात्रा से सेमीकंडक्टर, रक्षा एवं सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढाँचा और गतिशीलता जैसे क्षेत्रों को काफ़ी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

उज्जैन आध्यात्मिक सम्मेलन

**मध्यप्रदेश के उज्जैन में आज केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। आध्यात्मिक और पर्यटन क्षेत्र को एक नई दिशा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से मध्यप्रदेश पर्यटन और पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। । उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित थे। यह सम्मेलन आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक विरासत का संवर्धन करने और जिम्मेदार आतिथ्य पर गहन चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच है। उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश में प्राचीन काल से जारी तीर्थाटन परंपरा ने विविधता से भरे भारत को एकता सूत्र में बांधा है।**

राजनाथ–रक्षा–महू

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि भारत किसी की जमीन नहीं हडपना चाहता है, लेकिन यह अपनी जमीन की रक्षा करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। मध्यप्रदेश के आर्मी वॉर कॉलेज महू में रण संवाद 2025 के संयुक्त संवाद कार्यक्रम के समापन दिवस पर रक्षामंत्री ने कहा कि भारत के समक्ष चुनौतियां विशाल हैं, लेकिन हमारा संकल्प और साहस उससे कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने कहा कि विश्व न केवल हमारी शक्ति बल्कि विश्वास, शांति और न्याय के प्रति हमारे समर्पण का भी सम्मान करता है। रक्षामंत्री ने कहा कि अप्रत्याशित भू–राजनीतिक माहौल के परिदृश्य में अल्पकालिक संघर्ष से लेकर पांच वर्षीय युद्ध सहित सभी प्रकार की सुरक्षा चुनौतियों के लिए सशस्त्र बलों को तैयार रहना चाहिए। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत कभी भी युद्ध चाहने वाला देश नहीं रहा है। उन्होंने कहा–

गणेश चतुर्थी

पूरे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व हर्ष उल्लास के साथ और उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। इस मौके पर पूरे प्रदेश में सरकार ने सामान्य अवकाश घोषित किया है। जगह–जगह पांडालों में गणेश जी की प्रतिमाएं विराजित हो रही हैं। गणेश चतुर्थी के के अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के आयोजन विक्रमोत्सवः 2025 को 'ईमैक्स ग्लोबल अवार्ड' ने 'लांगस्टैंडिंग आईपी ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया है। इस वर्ष विक्रमोत्सव को मिलने वाला यह दूसरा अवार्ड है। '
- आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए अशोकनगर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने रखने हेतु कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।
- जम्मू–कश्मीर के कटरा स्थित वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कई लोगों की जान चली गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमवीर सिंह ने मौतों की पुष्टि करते हुए बताया कि वैष्णो देवी मंदिर कटरा के पास कल भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ।
- बैतूल के जेएच कालेज से एक छात्रा लापता हो गई है। टीआई नीरज पाल ने बताया कि जेएच कॉलेज की यह दूसरी गुमशुदगी की रिपोर्ट है। इससे पहले गुम हुई छात्रा बरामद कर परिजनों को सौंप दी गई थी।

.................................